संख्या :– 332003 /XXIV-C-1/ 2025/E-27468/01(14)2014

प्रेषक,

ब्योमकेश दूबे
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1

देहरादून, दिनांक 18 सितम्बर, 2025

विषयः–श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के परिसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, जनपद चमोली में कार्यरत् शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को अस्थाई व्यवस्था के आधार पर 02 वर्ष के लिए महाविद्यालय में लिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 4366 / एसडीएसयूवी / प्रशासन / 2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर, चमोली परिसर श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल में कार्यरत् शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की भॉति लोन अर्थात् अस्थाई व्यवस्था के आधार पर अधिकतम दो वर्ष हेतु लिये जाने की व्यवस्था राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर, चमोली में लागू होगी अथवा नहीं के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में निम्नानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें:–

1. श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल के परिसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, जनपद चमोली में कार्यरत् उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को मात्र लोन अर्थात् अस्थायी व्यवस्था (Temporary Arrangement) के आधार पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में तैनात रखा जायेगा।
2. पदों के आवंटन / समायोजन के संबंध में पृथक से विस्तृत दिशानिर्देश निर्गत किया जाएगा।

भवदीय,

Digitally signed by
BYOMKESH DUBEY
Date: 18-09-2025
18:47:26

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव।

संख्या– 332003 (1)/XXIV-C-1/ 2025/E-27468/01(14)2014,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) कुलपति, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल।

(2) निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी को सूचनार्थ।

(3) प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर, चमोली।

(4) गार्ड फाइल।

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव।